सं. I-11034/48/2014/वा.अ.अ.स-1
भारत सरकार
गृह मन्त्रालय
एल. डबल्यू. ई. विभाग
(एल. डबल्यू. ई. ओ. विंग-1)

कमरा सं. 13-ए, नॉर्थ ब्लॉक,
नई दिल्ली, दिनांक 31.07.2014

सेवा में,

श्री सलीम बेग,
(आर.टी.आई रिसर्चर),
निवासी कस्बा भोजपुर,
जिला - मुरादाबाद,
उत्तर प्रदेश - 244001।

विषय - सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन।

संदर्भ इस मंत्रालय का पत्र संख्या II-18015/57/2014-एल.डबल्यू.ई.III दिनांक 28.07.2014 है जिसके माध्यम से आपका आवेदन दिनांक 24.06.2014 इस स्कंध को दिनांक 28.07.2014 को श्री रामबीर सिंह, निदेशक व कें.लो.सू.अ., गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली से प्राप्त हुआ है।

2. इस संबंध में यह सूचित किया जाता है कि इस स्कंध में माओवादी घटनाओं से संबंधित सूचनाएँ अर्द्ध मासिक आधार पर उपलब्ध होती हैं। उपलब्ध सूचनानुसार दिनांक 16 मई से 15 जुलाई, 2014 तक देशभर में 151 माओवादी घटनाएँ घटित हुई जिसमें 34 आम नागरिक हताहत हुए, 06 सुरक्षा बल शहीद हुए, तथा 17 सरकारी संपत्तियों पर हमला हुआ। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि घटनावार अन्य विवरण इस स्कंध में उपलब्ध नहीं है। अतः यह निवेदन किया जाता है कि शेष सूचनाएँ संबंधित राज्य सरकारों से प्राप्त करें। आपके आवेदन में मांगी गई अन्य सूचनाएँ एल. डबल्यू. ई. ओ. विंग-1 में उपलब्ध नहीं है।

3. उक्त आवेदन से संबंधित पुनरावेदन (Appeal), यदि आवश्यक हो, तो इस आवेदन की प्राप्ति के 30 दिनों के अन्तर्गत श्री एम. ए. गणपति, संयुक्त सचिव (वामपंथ अतिवाद विभाग), कमरा सं. 193-ए/1, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को किया जा सकता है।

(आनंद जैन)
निदेशक (एल.डबल्यू.ई.ओ.I) एवं कें0लो0सू0अ0
टेली.फैक्स: 2309 4019

प्रतिलिपि, आवेदन सहित - अनुभाग अधिकारी (आई.टी. सेल) - निवेदन है कि डीओपीटी का ओ.एम. दिनांक 15.04.2013 के निर्देशों का पालन हेतु मो0 अहमद का आरटीआई आवेदन एवं इस स्कंध का जवाब गृह मंत्रालय के वेबसाइट पर अपलोड करें।

प्रतिलिपि, सूचनार्थ
अनुभाग अधिकारी (आर.टी.आई)

(250)

सेवा में,

श्रीमान केन्द्रीय जनसूचना अधिकारी,
कार्यालय - केन्द्रीय गृह मन्त्रालय,
भारत सरकार, नई दिल्ली - 110001

संयुक्त अधीक्षक डाकघर
24 JUN 2014

<u>विषयः- सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा- 6 (1) के अन्तर्गत आवेदन पत्र ।</u>

महोदय,

निम्नलिखित सूचनायें आपके कार्यालय से प्राप्त करना चाहता हूँ निर्धारित शुल्क आवेदन पत्र के साथ संलग्न है ।

<u>बिन्दु संख्या 1 :</u> दिनांक 20- मई- 2014 से सूचना दिये जाने की समय अवधि तक की, देशभर के जिन जनपदों में साम्प्रदायिक दंगे, नक्सली हिंसा एवं आतंकवादी घटनायें घटित हुई उन सभी की सूचना दिनांक सहित राज्य व ज़िलेवार पृथक-पृथक सूचना उपलब्ध करायें ।

<u>बिन्दु संख्या 2 :</u> दिनांक 20- मई- 2014 से सूचना दिये जाने की समय अवधि तक की, देशभर के जिन जनपदों में साम्प्रदायिक दंगे, नक्सली हिंसा एवं आतंकवादी घटनायें घटित हुई उसमे मारे गये लोगों के नाम व पतों की सूची, घायलों की सूची, दुकान, मकान व वाहनों के क्षति की सूची एवं सरकारी सम्पत्ति के अनुमानित नुकसान की सूची की सूचना पृथक-पृथक उपलब्ध करायें ।

<u>बिन्दु संख्या 3 :</u> दिनांक 20- मई- 2014 से सूचना दिये जाने की समय अवधि तक की, देशभर के जिन जनपदों में साम्प्रदायिक दंगे, नक्सली हिंसा एवं आतंकवादी घटनायें घटित हुई उसमे मारे गये व्यक्ति (पुलिसकर्मी / प्रशासनिक अधिकारी के नामो की सूची अलग से), घायल व्यक्ति, दुकान, मकान व वाहनों के क्षति होने वाले व्यक्तियों को राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा दी गई क्षतिपूर्ति, उपचार पर हुए खर्च की सूची की सूचना पृथक-पृथक उपलब्ध करायें ।

<u>बिन्दु संख्या 4 :</u> दिनांक 20- मई- 2014 से सूचना दिये जाने की समय अवधि तक की, देशभर के जिन जनपदों में साम्प्रदायिक दंगे, नक्सली हिंसा एवं आतंकवादी घटनायें घटित हुई । वहाँ की राज्य सरकारों व ज़िला प्रशासन को केन्द्र सरकार द्वारा किये गये पत्राचार की सत्यापित प्रतियाँ एवं उक्त सम्बन्ध में केन्द्र सरकार द्वारा आहूत बैठकों / मीटिंग की कार्यवृति की सत्यापित छायाप्रति उपलब्ध करायें ।

दिनांक :- 24/06/2014

भवदीय

सलीम बेग

(आर०टी०आई० रिसर्चर)
निवासी क़स्बा भोजपुर
ज़िला मुरादाबाद -244001 (उ०प्र०)।
मो०नं० :- 9411269101

JS (NC)
Dir (IS-II)
Dir (LWE)